**Sixteenth Loksabha**

pan>

Ttile: Regarding bonus to the employees of DDA.

**श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर):** सभापति महोदय, शहरी विकास मंत्रालय का महत्वपूर्ण उपक्रम दिल्ली विकास प्राधिकरण है। इस उपक्रम के माध्यम से बहुत सारे कार्य होते हैं, जिनका संचालन वहां के कर्मचारी-अधिकारी मिल कर करते हैं। लगभग सात हज़ार कर्मचारी ऐसे हैं, जिनको लगातार एक्स-ग्रेशिया की राशि मिलती रही है। लेकिन सन् 2015-16 में इसको रोक दिया गया है। कर्मचारी यूनियन ने और व्यक्तिगत रूप से जो कर्मचारी हैं, उन सबने इसमें विभाग को निवेदन किया है। शहरी विकास मंत्रालय के जो सचिव हैं और शहरी विकास मंत्रालय के आदरणीय मंत्री हैं, उस समय आज के उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू जी थे, उनको भी पत्र लिखे । उन्होंने वित्त मंत्रालय को इस संबंध में निवेदन भी किया है। इसकी राशि डीडीए को अर्न करनी है, न कि सरकार को अर्न करनी है । डीडीए इसके लिए सहमत भी है। मैं आपके माध्यम से ऐसे सात हजार कर्मचारी, जिनको सन् 2015-16 से एक्स-ग्रेशिया की राशि को रोका गया है, उसको देने के लिए वित्त मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि इस पर तत्काल कार्यवाही कर ऐसे कर्मचारियों को उसकी सुविधा दी जाए ।

**माननीय सभापति :** श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं श्री शरद त्रिपाठी को श्री लखन लाल साहू द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।